Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for proper use of fund of District Mineral Foundation Trust (DMFT) in Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): धन्यवाद सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि भारत सरकार ने डीएमएफटी फंड की घोषणा की है। जिस एरिया में कोई खान निकलती है, कोई मेटल या मटीरियल निकलता है, उसमें जो रॉयल्टी आती है, तो उस एरिया, जिसमें से माइनिंग हो रही है, उसके डेवलपमेंट के लिए उस रॉयल्टी का 2 परसेंट वहां के जिले के डीएमएफटी फंड में ट्रांसफर किया जाता है, ताकि वहां के स्थानीय क्षेत्र में माइनिंग के कारण जो भी नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हो सके और उसका विकास हो सके, लेकिन मेरे जिले में 800 करोड़ रुपये का डीएमएफटी फंड है। राजस्थान सरकार ने अपने कर्मचारियों की तनख्वाह चुकाने के लिए वह पैसा ले लिया है जो कि उस क्षेत्र के विकास के लिए आया है, जहां से माइनिंग हो रही है। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि डीएमएफटी ट्रस्ट में जो नियम है कि उस राशि का 20 परसेंट एजुकेशन पर, 20 परसेंट हेल्थ पर व्यय हो, उसके तहत खर्च किया जाए। धन्यवाद।